# उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड

(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
U. P. Power Corporation Limited
(U.P.Govt. Undertaking)
CIN: U32201UP1999SGC024928

संख्याः 661—अ0प्र0(2ब) / पाकालि / 2019—01—विविध / 02ब / 2017 दिनांकः 11 फरवरी 2019

ईमेल द्वारा
समयसीमा
महत्वपूर्ण

1— प्रबन्ध निदेशक,
पूर्वान्चल / पश्चिमांचल / मध्यांचल / दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि0,
वाराणसी / मेरठ / लखनऊ / आगरा।
2— प्रबन्ध निदेशक, कानपुर विद्युत आपूर्ति कम्पनी, कानपुर।
3— प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0।

विषयः— कार्मिको द्वारा प्रत्येक वर्ष नियमित रूप से चल / अचल सम्पत्ति का विवरण प्रस्तुत किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कारपोरेशन के कार्यालय ज्ञाप सं0—96—विनियम एवं औस / पाकालि / 10—6—विनियम / 98, दिनॉक—20.08.2010 द्वारा उ0प्र0 सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावाली—1956 (कारपोरेशन द्वारा अंगीकृत) के आंशिक संशोधन में यह प्राविधान किया गया है कि उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0, तथा विद्युत वितरण निगमों के अधीन कार्यरत अधिकारियों / कर्मचारियों द्वारा अपनी (पति / पत्नी या आश्रित बच्चों के नाम दर्ज सम्पत्ति सम्मिलित करते हुए) चल / अचल सम्पत्ति, उसके प्राप्त होने की तिथि, उसका माध्यम, अनुमानित लागत, आय का स्रोत आदि का विवरण अपनी प्रथम नियुक्ति एवं उसके पश्चात प्रत्येक वर्ष (01, जनवरी से 30 जनवरी के बीच) अपने नियुक्ति प्राधिकारी को प्रस्तुत किया जायेगा। परन्तु यह पाया गया कि उक्त सम्पत्ति विवरण कारपोरेशन में अधिकतर कार्मिको द्वारा उपलब्ध नही कराये गये हैं।

अतः अपेक्षा की जाती है किः—

(क) अपने अधीनस्थ कार्मिकों जिनका अधिष्ठान डिस्काम स्तर पर सम्पादित किया जा रहा है, उन कार्मिकों को निर्देशित करें कि वह अपना चल / अचल सम्पत्ति विवरण निर्धारित प्रारूप में सम्बन्धित अधिष्ठान को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करेंगे तथा उनके अधिष्ठान द्वारा उसका अनुपालन कड़ाई से सुनिश्चित किया जाएगा एवं उसकी अनुपालन आख्या कारपोरेशन मुख्यालय को प्रेषित करेंगे।

(ख) अपने नियंत्रणाधीन निम्नलिखित कार्मिकों को निर्देशित कर दें कि वे संलग्न निर्धारित प्रारूप में प्रत्येक दशा में अपनी चल / अचल सम्पत्ति संबंधी विवरण पत्र मूलरूप में **विलम्बतम् दिनॉक 25 फरवरी 2019** तक कारपोरेशन मुख्यालय को अपने नियन्त्रक अधिकारी के सूचनाधीन अधोवत् अधिकारियों को सीधे सम्प्रेषित करना सुनिश्चित करें, **अन्यथा उनके विरूद्ध उ0प्र0 सरकारी सेवक आचरण नियमावली, 1956 के नियम—24 (3) के प्राविधानों के उल्लघंन करने हेतु प्रभावी कार्यवाही की जायेगी जिसके वे स्वयं उत्तरदायी होगें:—**

| | | |
|---|---|---|
| 1— | अधीक्षण अभियन्ता / मुख्य अभियन्ता (स्तर—1) / (स्तर—2) तथा गैर अभियन्ता संवर्ग के समस्त अधिकारी से सम्बन्धित सूचना | अनु सचिव—अ0प्र0(02अ) |
| 2— | अधिशासी अभियन्ता | |
| 3— | सहायक अभियन्ता | उप सचिव—अ0प्र0(02ब) |
| 4— | अवर अभियन्ता | उप सचिव (अ0प्र0—03 / 04) |
| | | मुख्य अभियन्ता (जलविद्युत) |

**आहरण एवं वितरण अधिकारी का यह दायित्व होगा कि वे अपने अधीनस्थ कार्मिकों का माह फरवरी 2019 के वेतन का भुगतान, चल / अचल सम्पत्ति विवरण प्राप्त होने के उपरान्त ही करना सुनिश्चित करेंगे तथा इस आशय का प्रमाण पत्र डिस्कामस् के निदेशक (का0एवंप्रब0) को प्रेषित करना सुनिश्चित करेंगे।**

संलग्नकः यथोपरि

Aparna U.
(अपर्णा यू)
प्रबन्ध निदेशक

क्रमशः........2..............

शक्ति भवन, 14, अशोक मार्ग, लखनऊ—226001
SHAKTI BHAWAN, 14. ASHOK MARG, LUCKNOW-226001
Phone 2287787
फैक्स 0522-2287789
Fax 0522-2287789

संख्या : 661(1)अ0प्र0(02ब) / पा0का0लि0 / 2019 तद्‌दिनाँक

प्रतिलिपि निम्नाकिंत अधिकारियों को सूचनार्थ प्रेषित:-

1- निजी सचिव, अध्यक्ष, उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
2- निजी सचिव, प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
3- निजी सचिव, निदेशक (का0प्र0एवंप्रशा0) / (वितरण) / (वाणिज्य) / (कारपोरेट प्लानिग) / (वित्त), उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
4- निजी सचिव, निदेशक (का0प्र0एवंप्रशा0), उ0प्र0पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड, शक्ति भवन, लखनऊ।
5- निजी सचिव, अपर सचिव (प्रथम / द्वितीय / तृतीय), उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।

आज्ञा से,

(सदानन्द)
उप सचिव(02ब)

संख्या : 661(2)अ0प्र0(02ब) / पा0का0लि0 / 2019 तद्‌दिनाँक

प्रतिलिपि निम्नाकिंत अधिकारियों को भी सूचनार्थ एवं उपर्युक्त तत्सम कार्यवाही हेतु इस आशय से प्रेषित कि अपने अधीनस्थ कार्मिकों जिनका अधिष्ठान स्वयं उनके स्तर पर सम्पादित किया जा रहा है का अनुश्रवण कड़ाई से सुनिश्चित करेंगे:-

1- विधि अधिकारी, उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
2- अध्यक्ष, विद्युत सेवा आयोग / मुख्य अभियन्ता, जॉच समिति, उ0प्र0पा0का0लि0, एस0एल0डी0सी0 परिसर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।
3- निदेशक, विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, उ0प्र0पा0का0लि0, सरोजनीनगर, कानपुर रोड, लखनऊ।
4- अधिशासी निदेशक / मुख्य अभियन्ता, नियोजन / रेस्पो / वाणिज्य एवं ऊर्जा लेखा / ऊर्जा क्रय अनुबन्ध निदेशालय / सी0एम0यू0डी0 / कम्प्यूटराइजेशन इकाई / विद्युत आयात निर्यात एवं भुगतान मण्डल / जलविद्युत / सामग्री प्रबन्ध, उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन / शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
5- सचिव, उ0प्र0पावर सेक्टर इम्पाईज ट्रस्ट, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
6- मुख्य महा प्रबन्धक (लेखा) / उप महा प्रबन्धक (लेखा प्रशासन) / लेखाधिकारी (वेतन एवं लेखा), उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
7- महा प्रबन्धक (औद्यौगिक सम्बन्ध), उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।

(सदानन्द)
उप सचिव(02ब)

# चल/अचल सम्पत्ति सम्बन्धी घोषणा पत्र

**(क) उनके लिए जिनके पास कोई अचल सम्पत्ति नहीं है।**

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि मेरे पास कोई अचल सम्पत्ति नहीं है। यदि मैं एतद पश्चात् कोई अचल सम्पत्ति धारण करता/करती हूं तो अपनी तत्सम्बन्धित अवधि की पंचवर्षीय घोषणा में घोषणा करूंगा/करूंगी।

दिनांक........................

हस्ताक्षर

नाम एवं अभिज्ञान सं० ........

पद स्व तैनाती स्थल ........

मोबाइल नं० ........

**(ख) उनके लिये जिनके पास अचल सम्पत्ति है।**

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि मैं निम्न प्रकार की अचल सम्पत्ति का स्वामी/की स्वामिनी हूं।

भूमि सम्पदा

| सम्पत्ति जहा है | | | क्षेत्र एकड़ में | अर्जित या पैतृक, यदि अर्जित की गई है तो उसके अर्जन का दिनांक | वार्षिक राजस्व | अनुमानित मूल्य | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जनपद | तहसील | ग्राम | | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | | |

गृह सम्पदा

| गृह जहां स्थित है | | | गृह संस्था | अर्जित या पैतृक, यदि अर्जित किया गया है तो उसके अर्जन का दिनांक | क्या स्वयं रहने के लिये प्रयोग कर रहे हैं या किराये पर दिया है ? | वार्षिक किराया | अनुमानित मूल्य | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रम सं० | ग्राम नगर उप नगर | जनपद | | | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | | | | | | | | |

यदि मैं भविष्य में कोई अन्य अचल सम्पत्ति अर्जित करता/करती हूं तो इस तथ्य को उपर्युक्त प्रपत्र में सम्पत्ति अर्जित करने के दिनांक को जानकारी पाने के दिनांक से एक मास के भीतर घोषित कर दूंगा/दूंगी।

दिनांक...............

हस्ताक्षर

नाम एवं अभिज्ञान सं० ........

पद स्व तैनाती स्थल ........

मोबाइल नं० ........

**टिप्पणी :** अचल सम्पत्ति में ऐसा भवन व भूमि सम्पदा जो बंधक व पट्टे के रूप में अधिकारी/कर्मचारी या उसकी पत्नी/उसके पति या उसकी ओर से उसके कुटुम्ब का कोई सदस्य जो उसके साथ संयुक्त हो या उसके साथ रहता हो या किसी प्रकार उस पर आश्रित हो, द्वारा धारित या प्रतिबंधित हो तो इस घोषणा के प्रयोजनार्थ अधिकारी द्वारा ही धारित या प्रतिबन्धित की गई समझी जायेगी।

**(ग) उनके लिए जिनके पास कोई हिस्से (Shares) या जमा पूंजी (Investment) नहीं है ।**

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि मैं किसी हिस्से (Shares) या जमा पूंजी **(Investment)** का स्वामी/स्वामिनी नहीं हूं । यदि एतद्पश्चात् मैं कोई हिस्से अर्जित करूंगा/करूंगी या जमा पूंजी लगाऊंगा/लगाऊंगी तो मैं इस तथ्य की घोषणा सम्बन्धित अवधि की पंचवर्षीय घोषणा पत्र में कर दूंगा/दूंगी ।

दिनांक..............

हस्ताक्षर

नाम एवं अभि० सं० -..........

पद एवं तैनाती स्थल ..........

मोबाइल नं० ..........

**(घ) उनके लिए जो हिस्से (Shares) के स्वामी/स्वामिनी हैं या जिनको अन्य जमा पूंजी (Investment) है ।**

मैं एतद्द्वारा घोषित करता/करती हूं कि मैं निम्नलिखित हिस्से व जमा पूंजी रखता/रखती हूं :–

हिस्से (Shares)

| क्रम सं० | विवरण | अर्जित करने का दिनांक | प्रत्येक हिस्से का मूल्य | धारित हिस्सों की संख्या | हिस्सों का क्रय मूल्य | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |

जमा पूंजी (Investment)

| क्रम सं० | विवरण | पूंजी लगाने की तिथि | मूल्य | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | | |

यदि मैं आगे और हिस्से अर्जित करूंगा/करूंगी या अन्य कहीं पूंजी लगाऊंगा/लगाऊंगी तो मैं इस तथ्य की घोषणा सम्बन्धित पंचवर्षीय घोषणा पत्र में कर दूंगा/दूंगी ।

दिनांक..................

हस्ताक्षर

नाम एवं अभिज्ञान सं० ..........

पद एवं तैनाती स्थल ..........

मोबाइल नं० ..........

चल सम्पत्ति

**(च) केवल उनके लिए जिनके पास चल सम्पत्ति नहीं है ।**

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि मेरे पास कोई चल सम्पत्ति नहीं है । यदि मैं एतद पश्चात् कोई चल सम्पत्ति धारण करता/करती हूं तो अपनी तत्सम्बन्धित अवधि की पंचवर्षीय घोषणा पत्र में घोषणा करूंगा/करूंगी ।

दिनांक..................

हस्ताक्षर

नाम एवं अभि० सं० ..........

पद एवं तैनाती स्थल ..........

मोबाइल नं० ..........

**(छ) उनके लिए जिनके पास चल सम्पत्ति है ।**

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि मैं निम्न प्रकार की चल सम्पत्ति का स्वामी/की स्वामिनी हूं

| क्रम सं० | सम्पत्ति का विवरण | क्रय / धारण करने की तिथि | मूल्य | क्या क्रय/धारण करने हेतु पूर्व अनुज्ञा प्राप्त की गई थी ? यदि हां तो उस अनुज्ञा की संख्या तथा दिनाक | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | | | | | |

चल सम्पत्ति का तात्पर्य ऐसी प्रत्येक चल सम्पत्ति से है जिसका मूल्य रु० 1000/- अथवा कर्मचारी के एक माह का वेतन, जो भी कम हो, से अधिक है ।

दिनांक..................

हस्ताक्षर

नाम एवं अभि० सं० ..........

पद एवं तैनाती स्थल ..........

मोबाइल नं० ..........